

# लंबित प्रकरण पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी

## कलेक्टर ने किया तहसील मऊगंज का निरीक्षण, लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने तहसील मऊगंज का निरीक्षण कर राजस्व कार्यों की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में अनावश्यक विलंब आमजन की परेशानी का कारण बनता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

उन्होंने तहसील अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें तथा प्रकरणों की गुणवत्ता के साथ सुनवाई की जाए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की स्थिति जांची. राजस्व अधिकारी समय सीमा का पालन करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन के प्रकरण निराकृत करें. दर्ज प्रकरणों में 6 माह से अधिक से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें. कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में संधारित अभिलेखों, प्रकरण पंजी, प्रगति रिपोर्ट एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन किया. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को आम जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने, शासन की मंशा के अनुरूप त्वरित एवं न्यायसंगत निर्णय लेने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में लंबित प्रकरण पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण में प्राप्त आपत्तियों एवं प्रकरणों की सुनवाई पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ की जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके. निरीक्षण के दौरान एसडीम मऊगंज राजेश मेहता सहित संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे.



### गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा भारत पर्व का आयोजन

रीवा, गणतंत्र दिवस की संध्या पर टाउनहाल रीवा में भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा . इस कार्यक्रम में जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा . भारत पर्व में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है . कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कवि सम्मेलन का संचालन डॉ सुरेश श्रीवास्तव सौरभ करेंगे . कवि सम्मेलन में श्रीमती मधु जैन माधवी, रामकृष्ण द्विवेदी, शानूराज बेखौफ तथा रघुवीर तिवारी योगी का काव्य पाठ होगा . इन कवियों को स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग के भारत पर्व कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है . कलेक्टर ने बताया कि भारत पर्व के आयोजन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है . कलेक्टर ने कहा है कि नोडल अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप भारत पर्व का आयोजन कराएं . भारत पर्व में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाजसेवी, लेखक, साहित्यकार, कलाकार एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित करें .



# नि :शुल्क नेत्र परीक्षण के साथ किया गया पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, जन अभियान परिषद के संभाग समनव्यक प्रवीण पाठक, जिला समनव्यक योगेश ताम्रकार एवं विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में नवाकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

सेक्टर बनकुइयां के घौचट में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत ग्राम घौचट के गायत्री विद्यालय नवांकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें नि: शुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं के मोतियाबिंद की जांच एवं बच्चों का नि: शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया. जिसमे ग्राम वासियो को सरकारी योजनाओं एवं स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया एवं नशा मुक्त की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम में साइबर सिक्योरिटी की जानकारी दी गई. कार्यक्रम उपरांत एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपड़ किया गया. मुख्य अतिथि महेश प्रसाद शुक्ला नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया.

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राम लखन सोनी थे. कार्यक्रम में नवांकुर संस्था बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष श्लेषा शुक्ला, तमन्ना अंसारी, प्रशान्त शुक्ला, महेंद्र सिंह, राजकुमार नामदेव मौजूद रहे.

## गुढ़ में भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारियों की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 21 जनवरी, गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह ने श्री भागवत पैलेस गुढ़ में भाजपा मण्डल और भाजपा मण्डल महसाव की संयुक्त बैठक ली.**

बैठक में एस आई आर की समीक्षा की गई और अंतिम बचे दो दिवस में शत-प्रतिशत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. बैठक में बीजेपी रीवा के जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मण्डल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता, महसाव मण्डल के प्रभारी अरुण सिंह गहरवार, पूर्व मण्डल अध्यक्ष कपूर चंद्र सोनी, मण्डल महामंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह गहरवार, बी. के. पाण्डेय, रामायण प्रसाद मिश्रा, मोतीलाल तिवारी, रघुनाथ पटेल, विधानसभा आईटी प्रभारी राजबहोर आदि उपस्थित रहे.

# नौसेना अध्यक्ष ने किया निष्ठुर की किताब का विमोचन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 21 जनवरी, प्रगति मैदान दिल्ली में लगे विश्व पुस्तक मेले में किताब का विमोचन हुआ.**

विन्ध्य के वरिष्ठ रचनाकार रामनरेश तिवारी निष्ठुर की दो पुस्तकों "निष्ठुर रचना भाग-1 एवं भाग-2" का लोकार्पण देश के नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने जयपुर के वोधि प्रकाशन के स्टाल नम्बर के-14 में किया. इस अवसर पर रामनरेश तिवारी ने नौसेना अध्यक्ष का गुलदस्ता एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया. नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने रचनाकार रामनरेश तिवारी को सेना का विशाल वेशकीमती प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. कार्यक्रम का संचालन गांधीवादी चिंतक, विचारक संतोष कुमार द्विवेदी ने किया. मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर व्यक्ति को पुस्तक पढ़ना चाहिये क्योकि जो नहीं पढ़ते और जो नहीं पढ़े हुए हैं फिर उन दोनो में कोई अंतर नहीं रह जाता है साहित्य इंसान बनने की प्रक्रिया में सहायक होता है. इस अवसर पर रीवा से मुख्य अतिथि एवं रचनाकार के अलावा डॉ.प्रवेश तिवारी, कवियत्री सीमा रानी झा, डॉ.सान्त्वना श्रीकांत आदि उपस्थित रहे.



मऊगंज में पुलिस द्वारा की जा रही स्कूल वाहनों की जांच

# जनसुनवाई में पहुंची गौवंश और नक्शा तरमीम की शिकायत

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जनसुनवाई में आमजनता के 34 आवेदन पत्रों में सुनवाई की. कलेक्टर ने अधिकारियों को जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में शिवकुमार चतुर्वेदी निवासी ग्राम जरकटी रामशरण ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने एसडीएम मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. ग्राम पंचायत झौरा के निवासियों ने गांव में घूमने वाले सौ से अधिक गौवंश के प्रबंधन के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने जनपद मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को इस संबंध में आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए. विष्णु प्रजापति निवासी ग्राम देवरा ने आमरास्ते तथा श्मशान घाट बनाए जाने के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत हनुमना को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए. राममणि तिवारी निवासी ग्राम घुघरी ने जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने तहसीलदार देवतालाब को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए. जनसुनवाई में मऊगंज नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 सुंदरपुरा के निवासियों ने पानी की निकासी के लिए आवेदन दिया. कलेक्टर ने सीएमओ मऊगंज को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए. इसके अलावा अन्य कई प्रकरण पहुंचे. जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.



जनसुनवाई में शिकायत सुनते कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन

### कंबल वितरण किया गया

**मऊगंज, 21 जनवरी,** आपदा राहत समिति बरहटा द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीनानाथ मिश्र के नेतृत्व में ग्राम बरहटा एवं सिविल हास्पिटल मऊगंज में गरीब, विकलांगो तथा निराश्रित लोगों को कंबल वितरित किये गये. गरीबों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य है. ग्राम बरहटा में अर्जुन सिंह एवं नरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लक्ष्मी सिंह, संजय सिंह, बृजभूषण मिश्रा, किशोरी लाल पटेल, मनोज चतुर्वेदी, अवधेश चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे.

# मांगों को लेकर कमिश्नर से मिला प्रतिनिधि मंडल

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान का प्रतिनिधि मंडल आज कमिश्नर से मिलकर संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित को तत्काल लोक शिक्षण संचनालय के आदेशानुसार तत्काल पदांकित स्थान के लिए मुक्त करने का मांग किया.**



जिसे कमिश्नर ने अपने संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया. प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय प्रचारक मुद्रिका त्रिपाठी विश्वमित्र, रामेश्वर गुप्ता, उमाकांत पाण्डेय, अखिलेश पाण्डेय, बृजलाल तिवारी उपस्थित रहे.

# मऊगंज में स्कूल वाहनों की सघन जांच, दी गई समझाइश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, मऊगंज जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है. बच्चो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार वाहनों की जांच की जा रही है.**

पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी मऊगंज श्रीमती सचि पाठक के साथ यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह द्वारा स्कूल वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान जिले में संचालित स्कूल बसों एवं अन्य शैक्षणिक वाहनों की सुरक्षा मानकों के अनुसार जांच की गई. जांच के दौरान वाहनों में फिटनेस, आपातकालीन दरवाजे, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, चालक की योग्यता, वाहन दस्तावेज एवं सहायक (कंडक्टर) की उपस्थिति सहित अन्य आवश्यक मानकों की बारीकी से पड़ताल की गई. चेकिंग के दौरान जिन वाहनों में कमियां पाई गईं, उनके वाहन चालकों एवं सहायकों को मौके पर ही समझाइश दी गई तथा एक सप्ताह के भीतर सभी कमियों को दूर कर पुलिस को सूचित करने के निर्देश दिए गए. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुन: चेकिंग के दौरान यदि किसी भी वाहन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित वाहन के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. पुलिस अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्धारित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें. गौरतलब है कि स्कूली बच्चो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगातार वाहनों की जांच की जा रही और नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है.

# ऑपरेशन उत्तरदायित्व चलाएगा जिल निर्माण संघर्ष परिषद्

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, जिला विकास संघर्ष परिषद् मऊगंज द्वारा 23 जनवरी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिवस से जिला मऊगंज में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके दायित्व का बोध कराने हेतु जन अभियान के तहत "ऑपरेशन उत्तरदायित्व" चलाया जायेगा.**

जिसकी शुरूआत के प्रथम चरण में 23 जनवरी को श्रीसिद्ध हनुमान मंदिर मऊगंज के परिसर में सुबह 10:30 से श्रीराम चरित मानस के सुन्दरकांड का गायन पाठ होगा. आरती उपरांत बसंत पंचमी के पावन पर्व पर फगुआ का गायन किया जायेगा.

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अपरान्ह 04 बजे दिन में जिला कलेक्टर मऊगंज को आग्रह पत्र सौंपा जायेगा. कार्यक्रम को लेकर परिषद द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है. उक्त आशय की जानकारी देते हुये परिषद् के संयोजक अधिवक्ता संतोष मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम हेतु तैयारी बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है. कार्यक्रम के प्रभारी पं. केशव प्रसाद मिश्र पूर्व शिक्षक व समाजसेवी मऊगंज व सह प्रभारी संतोश अवधिया बबलू होंगे.

कार्यक्रम के संयोजक हरिहर प्रसाद शुक्ल अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊगंज व सह संयोजक पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ मऊगंज व पूर्व पार्षद विक्रम सिंह बनाये गये हैं. तैयारी लगभग पूरी हो रही है. परिषद् के संयोजक ने सभी आमंत्रित सदस्यों से अपनी सहभागिता आयोजन में निभाने का आग्रह किया है.

# बिना गदा के हनुमान प्रतिमा दिखती है त्योंथर क्षेत्र में

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 21 जनवरी, अनेक स्थानों पर वैसे तो हनुमान जी गदा के साथ ही दिखते हैं. हनुमान जी की गदा सदैव उनके बाएं हाथ में रहती है और यह गदा कुबेर जी ने हनुमान जी को प्रदान किया था धर्म ग्रंथों में इसका नाम कोमौदकी बताया गया है.**

बिना गदा के हनुमान जी की प्रतिमा की कल्पना करना मुश्किल है किंतु त्योंथर के तराई अंचल के अनेक स्थलों पर हनुमान जी की ऐसी अद्भुत प्रतिमा देखने को मिलती है, जिसमें उनके हाथ में गदा नहीं है. माना जाता है कि इस तरह की प्रतिमा लगभग 1 हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी है. इस पाषाण प्रतिमा में हनुमान जी ने दाहिने हाथ को अपने सर के ऊपर रखा है तथा बाएं हाथ की मुष्टिका को अपने हृदय से लगाए हुए हैं. जिला पुरातत्व संघ के सदस्य होने एवं प्राचीन वैभवशाली पाषाण कलाकृतियों के प्रति जिज्ञासा होने के कारण वर्ष 2000 से 2004 के बीच कई स्थलों का भ्रमण मेरे द्वारा किया गया था. इस तरह की हनुमान जी की अद्भुत प्रतिमा में हनुमान जी के हाथ में गदा नहीं है और उनके कमर में कटार लगी हुई है. उनके पैरों के नीचे किसी मानव की



आकृति दिखाई देती है, जिसके सर पर लंबा चोंगा जैसा दिखता है. इस तरह की एक प्रतिमा खजुराहो के समीप भी होने का दावा किया जाता है. जिसका समय लगभग एक हजार वर्ष पुराना बताया जाता है. त्योंथर अंचल में इस तरह की प्रतिमा कुछ स्थानों पर खंडित रूप में मिली तो कुछ स्थानों पर हनुमान जी की इसी रूप में इसकी पूजा निरंतर हो रही है. हमारे पुरातात्विक खोज में ऐसे हनुमान जी की प्रतिमा पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 27 के बगल में ग्राम कटरा में देखी गई है और इसी तरह के खंडित प्रतिमा त्योंथर के समीप छितरानाला मंदिर में विराजमान देखा गया है. चाकघाट के बघेडी मोहल्ले में भी खंडित प्रतिमा के रूप में एवं देउपा गांव के समीप भी इसी तरह की प्रतिमा खंडित अवस्था में देखी जा सकती है.

शंकरगढ़ के बगल में हिनौती ग्राम में भी बरम बाबा के धाम में इसी तरह की विशाल प्रतिमा देखी जाती है जहां शनिवार को बरम बाबा का चौरा लगता है. डभौरा के समीप ऊंचाडीह गांव में भी यह प्रतिमा महावीर के चौरा के नाम पर जाना जाता है. हनुमान जी की प्रतिमा की प्राचीनता इस बात से भी लगाई जाती है कि उनके हाथ में गदा नहीं है.

# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम पकरा में आयोजित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान स्वामी विवेकानंद जन्म जयंती पखवाड़े के अवसर पर ग्राम पंचायत पकरा विकास खण्ड मऊगंज में नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति मऊगंज द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार तथा विकासखण्ड समन्वयक अजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मऊगंज तथा अध्यक्षता राजेश पटेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मऊगंज द्वारा की गई. विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास पाण्डेय पकरा, समयलाल कोल, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता कुशवाहा सरपंच उपस्थित रही. नवांकुर संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी ग्राम विकास सेवा समिति तथा श्रीमती पूजा मिश्रा परामर्शदाता व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग किया. कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी रमानिवास पाण्डेय ने किया. उक्त अवसर पर श्रीमती माया गुप्ता, शिवशंकर श्रीवास्तव, प्रदीप कुशवाहा आदि उपस्थित रहे. सौम्या पाण्डेय द्वारा नशामुक्ति एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया.

स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. संस्था प्रमुख श्रीनिवास त्रिपाठी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. आभार प्रदर्शन प्रदीप कुशवाहा अध्यक्ष प्रस्तुटन समिति पकरा द्वारा किया गया.

# कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 21 जनवरी, मऊगंज जिले में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा. जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली जाएगी.**

कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं. सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था एवं निगरानी की जिम्मेदारी एसडीम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, जिला परियोजना समन्वयक राजेश तिवारी तथा तहसीलदार हनुमना शिवम गौतम को सौंपी गई है.

मंच, माइक, जनरेटर एवं विद्युत व्यवस्था की निगरानी नगर पंचायत के उपयंत्री अविनाश सिंह को दी गई है. गणमान्य नागरिकों के लिए बैठक व्यवस्था तहसीलदार मऊगंज बीके पटेल द्वारा की जाएगी. कार्यक्रम में बच्चों को मिष्ठान वितरण की जिम्मेदारी अनिल कुमार गुप्ता कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सौंपी गई है. स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीद परिवारों के लिए बैठक व्यवस्था तहसीलदार नईगढ़ी सुनील द्विवेदी सुनिश्चित करेंगे.

मंच स्थल पर पुरस्कार वितरण की व्यवस्था की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार नईगढ़ी को दी गई है. जारी आदेश के अनुसार वाटर प्रूफ टेंट, कुर्सियां, टेबल, सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था महेश पटेल नगर परिषद मऊगंज द्वारा की जाएगी. कार्यक्रम में बच्चों को मंच तक पहुंचाने की व्यवस्था राजेश श्रीवास्तव लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को सौंपी गई है. परेड ग्राउंड पर छात्रों की उपस्थिति एवं बैठने की व्यवस्था शत्रुघ्न प्रसाद मिश्रा विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी. वाहन पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी श्रीमती सचि पाठक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को दी गई है. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी कार्यक्रम स्थल में एक घंटे पूर्व उपस्थित होकर आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें.